Volume:1 Issue:16 September2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation

## स्मार्ट कानपुर स्वच्छ कानपुर

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

Volume:1 Issue:16 Sepember2016

# मासिक ई-न्यूज़लेटर


संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री जितेन्द्र मोहन सिंह
अपर नगर आयुक्त
श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी


## Index


1— शहर होगा स्मार्ट होंगी तकलीफे दूर

2— सदन

3 — मूर्ति विसर्जन हेतु बनाये गए कृत्रिम जलाशय

4 — शहर सफाई हेतु जनजागरूकता अभियान

5 — कूड़ा निस्तारण को ILFS का नगर निगम से अनुबंध

**6 —** सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई

**7—** नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो का विवरण

8—फागिंग का कार्य

9 — नगर आयुक्त ने बनाई गयी रोड का निरिक्षण

10—वृक्षा रोपण का कार्यक्रम

11 — अतिक्रमण अभियान

12 सफाई अभियान

13— स्मार्ट सिटी से सम्बंधित प्रकाशित खबरें


*ई-पत्रिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव पर kmcenewsletter@gmail.com मेल किया जा सकता है*

*प्रकाशक — नगर निगम,कानपुर*

# 1-शहर होगा स्मार्ट होंगी तकलीफे दूर




गौरव का विषय है कि भारत सरकार द्वारा पोषित 100 स्मार्ट सिटी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत स्मार्ट सिटी मिशन योजना के दूसरे राउंड में 70 शहरों में चुने गए 27 शहरों को कानपुर ने 13वाँ स्थान प्राप्त किया है। निसंदेह नगर निगम कानपुर के अधिकारी/कर्मचारी गण इस हेतु बधाई के पात्र है| स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत जनता को जागरूक करने हेतु रैली एवं टॉक शो का आयोजन किया| जिसके जरिये जनता से राय मांगी गयी जिसमे उन्होंने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया सबसे अहम् स्मार्ट सिटी कानपुर की परिकल्पना में कानपुर की जागरूक जनता ने अपार वोटिंग के माध्यम से अपेक्षा की है, की उनका कानपुर कैसा हो | इस योजना के अंतर्गत कानपुर को पैन सिटी व एरिया बेस्ड सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। पैन सिटी में 7.45 अरब रूपये और एरिया बेस्ड में 15.69 अरब रूपये के काम होगें । कुल 23.11 अरब रूपये से शहर को स्मार्ट बनाया जाएगा।

### कंपनीबाग से नानाराव पार्क तक होगा विकास

एरिया बेस्ड सिटी के तहत कंपनीबाग चौराहे से नानराव पार्क तक और घंटाघर से जरीब चौकी तक का क्षेत्र का चयन किया। क्षेत्र में विज्ञापन के लिए होर्डिंग या बैनर नहीं लगाए जाएगे। इसके लिए 10 करोड़ रूपये से डिजिटल विज्ञापन बोर्ड लगाए जाएंगे।

### सवा अरब रूपये से होगा रिवर फ्रंट

सवा अरब रूपये से गंगा बैरज से लेकर मेंस्कर घाट तक रिवर फ्रंट डेवलमेंट होगा। आठ करोड़ रूपये से ओपेन थियेटर बनाया जाएगा। पिकनिक स्पॉट, पार्किग, चेजिंग रूम व अन्य विकास कार्य होगा।

### चुन्नीगंज बनेगा स्मार्ट

स्मार्ट सिटी का मुख्य केन्द्र शहर का चुन्नीगंज क्षेत्र होगा। वही पर बिजनेस सेंटर बनाया जायेगा। लोगों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।उधोग व कारोबार जगत से जुडी सरकारी महकमों के अफसर यही पर बैठेंगे। बिजनेस को बढाया जाएगा। इसके साथ ही शापिंग काम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा।

### वी0पी मार्केट में स्किल डेवलपमेंट सेंटर

वीपी मार्केट परेड में स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाया गया है। यहां लोगो को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। ताकि खुद का रोजगार स्थापित कर सके। वीपी मार्केट परेड भी 3145.52 वर्गमीटर भूमि पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर और शापिंग काम्पेक्स बनाने का खाका तैयार किया गया है। वह कार्य 17.47 करोड़ रूपये से होगा।

## पैन सिटी

7.42 अरब से होगे विकास कार्य पैन सिटी के तहत पूरे शहर में ट्रैफिक व्यवास्थित किया जाएगा। साथ ही शहर को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा। इसके अलावा अन्य काम भी होंगे। चौरोहे पर आटोमैटिक सिग्नल, के तहत चौराहें पर आटोमैटिक सिग्नल,कैमरे आदि की व्यवस्था होगी। इसका कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में बनाया जाएगा। अभी 75 चौराहों पर केडीए द्वारा सिस्टम लगाए जा रहे है। 250 चौराहों पर इंटीग्रेटेड सिस्टम लगाय जाएगा।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन*

## 2. सदन



कानपुर नगर के विकास में तत्पर नगर निगम द्वारा माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता ,समस्त जोनल अधिकारी तथा पार्षद द्वारा सदन की बैठक दिनांक **01.09.2016** को आहूत हुई। सदन की बैठक में सर्वप्रथम नगर निगम सीमा के विस्तार जिसमें कल्याणपुर एवं चौबेपुर के ब्लाक के 86 गांवो को शमिल करने सम्बन्धी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हुआ। कल्याणपुर व चौबेपुर ब्लाक के 86 गाँव जिन्हे निगम सीमा में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव पारित हुआ | उनका विवरण अग्रलिखित हैं (रमेल बांगर, हरीपुर बांगर, पैगूपुर कछार, बरहर बांगर, बरहर कछार, ह्रदयपुर चिरान, सिंहपुर कछार, ईश्र्वरीगंज, पृथ्वीपुर, खुशहालगंज बैकुण्ठपुर, फत्तेपुर उत्तर, प्रतापपुर हरी, गंभीरपुर कछार, हिन्दूपुर, संभपुर, गंगपुर चकबदा, बगदौधी बांगर, परगही बांगरपरगही बंगार, बगदौधी कछार, कुरसौली मकसूदाबाद,टिकरी कानपुर, नौरंगाबाद, लोहार खेडा, बहेडा, नसेनिया, पनका बहादुर नगर, छींतेपुर, भौंती प्रतापपुर, भौंती खेडा,



सचेडी, रामपुर, भीसेन, गढ़ी कानपुर, सुजानपुर, पकरनपुर, गाजीपुर, हीरानगर, मंधना, नारामऊ कछार, लोढी(लोधकपुर), प्रेम चक गोविन्दपुर, भैलामऊ, प्रतापपुर सरसई, सिंहपुर कठार, संडीला, शादीपुर, पारा प्रतापपुर, बिरितियान बिठूर, लक्ष्मणपुर तिवरियान, लक्ष्मणपुर मिश्रियान, कुकरादेव, बनी,कटरी लक्ष्मीखेडा, लोधवा खेड़ा,कटरी शंकरपुर सराय, नत्थापुरवा, काशीराम नगर, गंगा बैराज, खोयरा कटरी,पपरिया, भरतपुरवा गोरहा,राम नगर, लोहारस, शिवदीनपुरवा, तिक्कनपुरवा, लुधौरा, महेंद्र नगर, जुगराजपुर, भिसार,पकरी,हरिसिंह देव, कटरा चसौर, कटरा घनश्याम,धरमंदगंदपुर, नकटू, भीसीदरि गाँव,सुरार) तथा रु 18.50 अरब का पुनरक्षित और मूल बजट को पास कर दिया गया |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 3-मूर्ति विसर्जन हेतु बनाये गए कृत्रिम जलाशय

नगर निगम सीमा में हो रहे गणेश महोत्सव के कार्यक्रम के बाद मूर्ति विसर्जन की परिक्रिया गंगा में की जाती थी इसको देखते हुए गंगा को मैली होने से बचाने हेतु नहरों के किनारे-2 शहर के नहरों/घाटों जैसे रानी घाट सरसैया घाट गोला घाट आदि के पास विभागी जेसबी द्वारा बड़े -2 गड्डे बनवा कर उसमे विसर्जन हेतु जलाशय बनवाया गया |जिससे नहर में होने वाली गंदगी को रोका जा सके और नहर व घाटों पर बह रही गंगा को साफ रखा जा सके |







*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# 4. शहर सफाई हेतु जनजागरूकता अभियान



स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु कानपुर नगर निगम द्वारा जन जागरूक अभियान के तहत लोगो को नुक्कड़ नाटक स्वछता पर आधारित विडियो फिल्म संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक करने का काम सृष्टि सामाजिक संस्थान एवं नगर निगम के सयुक्त तत्वाधान में कराया जा रहा है|जन जागरूक अभियान में संस्था के कलाकारों द्वारा नाटक का प्रदर्शन करते हुए दिखाया जा रहा है कि लोगो को खुले स्थान में शौच नहीं करना चाहिए और ना ही घर के बाहर सड़क में कूड़ा नहीं डालना चाहिए | इससे अनेक बीमारी होने का डर बना रहेता है एवं नाटक के माध्यम से लोगो को यह भी दिखाया जाता है की कुछ लोगो की लापरवाही से पूरे समाज को बीमारियों का दंश झेलना पड़ता है और लोग परेशां होते है संस्था के श्री कृष्णदत्त तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक जोन के हर एक वार्ड में नुक्कड़ नाटक किया जाना है अभी तक जोन -4, जोन-5 ,जोन-6 में नुक्कड़ नाटक किया जा चुका है | नुक्कड़ नाटक में संस्था द्वारा श्री डी मिश्रा, श्री सुमित सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, राघुवेंद्र शर्मा,वैकुंट ओझा , सुश्री सुनीता श्रीवास्तवा, सुश्री कल्पना पाण्डेय द्वारा नाटक का मंचन दिखाया जाता है |



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 5 कूड़ा निस्तारण को ILFS का नगर निगम से अनुबंध



सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट योजना के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण के लिए विगत वर्षो से ए टू जेड कंपनी इस कार्य को कर रही थी परन्तु उनके द्वारा कम को सुचारू रूप से ना करने की वजह से नगर निगम ने उनके साथ अनुबंध समाप्त कर दिया था और इसी कार्य को पुनः चालू करने एवं कानपुर की जनता को कूड़े की समस्या से निजत दिलाने हेतु नगर निगम ने दिनांक 03.09.2016 को लखनऊ में आई०एल०एफ०एस कंपनी के साथ सी अन डी एस कार्यालय में अनुबंध किया गया | इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह , मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह, **ILFS** कंपनी से अस्सिस्टेंट ज़नरल मैनेजर श्री ए० के गुप्ता, सी अन डी एस के सीनियर ज़नरल मैनेजर श्री ए०के राय एवं स्वच्छ भारत मिशन के नोडल ऑफिसर श्री आर० के सिंह भी उपस्थित रहे|

## 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 30.09.16 को सेवा निवृत्त हुए 12 कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री जीतेन्द्र मोहन सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 7- नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो का विवरण

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–5 वार्ड–60 बर्रा–2 के अनतर्गत दुर्गा पार्क का सुधार कार्य। | 499999 |
| 2 | जोन–5 वार्ड–64 स्वराज्य नगर पनकी में म0नं0–3बी से 223बी तक नाली एवं साइड पटरी का कार्य। | 548360 |
| 3 | जोन–5 वार्ड–03 विवेकानन्द नगर में नाली सडक का कार्य। | 1178423 |
| 4 | जोन–6 वार्ड–57 नवीन नगर अन्तर्गत केशव नगर में इन्दल चट्टा से मकान नं0–116/650 तक नाली एवं टाइल्स द्वारा सडक का सुधार कार्य। | 783957 |
| 5 | जोन–2 वार्ड–39 अन्तर्गत हंसपुरम में सेक्टर बी में भवन सं0–बी 241 के सम्मुख स्थित पार्क के सुन्दरीकरण का कार्य। | 703026 |
| 6 | जोन–3 वार्ड–55 के अन्तर्गत के ब्लाक स्थित म0नं0–128/757 से 128/740 तक साइड पटरी व नाली का सुधार कार्य। | 930666 |
| 7 | जोन–5 वार्ड–24 के अन्तर्गत तुलसी नगर में स्थित ओंकारेश्वर पार्क में पाथवे का निर्माण व सुधार कार्य। | 1163244 |
| 8 | जोन–2 के अन्तर्गत काली पूजा चौराहे से बाईपास तक सडक का सुधार कार्य। | 3557250 |
| 9 | जोन–3 वार्ड–24 के अन्तर्गत ईदगाह के पास से वेण्डी स्कूल के सामने चौराहा तक नाला सुधार कार्य। | 1208977 |
| 10 | जोन–3 वार्ड–80 के अन्तर्गत सेक्टर ए व सी के मध्य बर्रा थाने वाली सडक के किनारे आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 3143999 |
| 11 | जोन–2 के अन्तर्गत पुलिया नं0–01 से 22 तक के मध्य दो क्रासिंगों पर नाले का निर्माण कार्य। | 3175500 |
| 12 | जोन–4 वार्ड–11 के अन्तर्गत रामबाग क्रासिंग से म0नं0– 104ए/361 तक डीप डॉट सीवर लाइन का रिहैबिलिटेशन का कार्य। | 1332944 |
| 13 | जोन–2 वार्ड–66 डिफेन्स कालोनी जाजमऊ में स्थित शास्त्री पार्क का सुन्दरीकरण का कार्य। | 1055620 |
| 14 | जोन–1 वार्ड–02 के अन्तर्गत म0नं0– 26/108 से भारत माता मन्दिर तक मुख्य मार्ग का सुधार कार्य। | 1158191 |
| 15 | जोन–4 वार्ड–13 अन्तर्गत रानीघाट से लोटस स्कूल तक दोनों ओर फुटपाथ पर टाइल्स लगाने एवं कर्व स्टोन नाली का निर्माण कार्य। | 1067400 |
| 16 | जोन–1 वार्ड–50 के अन्तर्गत हलीम कालेज चौराहे से अजमेरी होटल तक एवं म0नं0–105/214 से 105/129 के बायीं ओर फुटपाथ एवं नाली का सुधार कार्य। | 1163268 |

Volume:1 Issue:16 September 2016

## 9-फागिंग का कार्य

कानपुर नगर में बढते संक्रामक रोगों को देखते हुए नगर निगम ने मच्छरों की प्रभावी रोकथाम के लिये शहर में जगह जगह फागिंग कार्य कराया गया।








## 10 नगर आयुक्त ने बनाई गयी रोड का निरिक्षण किया

नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा जोन 3 वार्ड–36 के अन्तर्गत हमीरपुर मेन रोड से चित्रा कालेज तक हॉट मिक्स प्लांट द्वारा सड़क एवं साइड पटरी के सुधार कार्य का नरीक्षण किया गया।



## 11 वृक्षा रोपण का कार्यकम

नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा जोन–3 वार्ड–36 के अन्तर्गत श्रीनगर पहाड़पुर, नौबस्ता में क्षेत्रीय विकास सेवा समिति द्वारा क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। एवं समस्त नागरिकों से अपील की कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा ले एवं कम से कम 01 पौधे का रोपण प्रतिदिन करें।



Volume:1 Issue:16 September 2016

अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।

कानपुर नगर निगम अतिक्रमण दस्ते द्वारा नालियों में किये गए अतिक्रमण को हटाते हुए कर्मचारी












सितम्बर माह में नगर निगम द्वारा चलाये गए विशेष सफाई अभियान अभियान की फोटो वार्ड वाइज









# 14- स्मार्ट सिटी से सम्बंधित प्रकाशित खबरें


कानपुर जागरण

स्मार्ट सिटी के लिए कानपुर का चयन, 23.11 अरब रुपये से होंगे विकास कार्य

## शहर होगा स्मार्ट, तकलीफें होंगी दूर

एरिया बेस्ड सिटी

कंपनी बाग से नानाराव पार्क तक होगा विकास

पैन सिटी

7.42 अरब से होंगे विकास कार्य

बोले जनप्रतिनिधि

एसपीवी तय करेगी काम


स्मार्ट होगा कानपुर

## इंतजार कीजिए, बदल जाएगी सूरत

2312 करोड़ के प्रोजेक्ट से बहेगी विकास की बयार

सीसामऊ नाले की चुनौती से निपटो


## पहले फूलबाग से कंपनी बाग स्मार्ट

### स्मार्ट सिटी के तीसरे राउंड में अपने शहर का हुआ चयन

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

स्मार्ट सिटी के तीसरे राउंड में अपने शहर (कानपुर) का चयन हो गया। जाम से निजात के लिए इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगा। पहले फूलबाग से कंपनीबाग (नवाबगंज) तक 1350 एकड़ क्षेत्र स्मार्ट क्षेत्र बनेगा। इसमें भूमिगत केबल, 24 घंटे जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी के लिए कानपुर का सेलेक्शन किया है।

**सरकारी भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, सोलर पैनल :** स्मार्ट सिटी क्षेत्र में सभी सरकारी भवनों के साथ ही 300 वर्गमीटर या इससे बड़े सभी निजी भवनों में रेन वॉटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगेगा। सोलर पैनल भी अनिवार्य रूप से लगेंगे।

### तीसरे प्रयास में सफलता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 26 जनवरी 2015 को लालकिले से देश के सौ शहरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्टसिटी बनाने का एलान किया था। स्थानीय नगर निगम ने पिछले साल पहले चरण में 20 शहरों में से खुद को स्मार्ट सिटी घोषित कराने के प्रयास किए, पर तब कानपुर टॉप-20 में नहीं आ पाया था, बल्कि 54 वें नंबर पर रहा था। नगर निगम के आईटी अधिकारी परवेज ने बताया कि तीसरे चरण में पहले की कमियों को दूर करते हुए डीपीआर तैयार कर भेजा गया था, इस बार सफलता मिली।

### एक साथ लागू होंगी दो योजनाएं

शहर में स्मार्ट सिटी की एक साथ दो परियोजनाएं लागू होंगी। पहली पैन सिटी परियोजना और दूसरी रिट्रोफिटिंग परियोजना है। पैन सिटी परियोजना के तहत यातायात सुधरेगा। डीपीआर (डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के अनुसार शहर में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लग रहा है। सारे ट्रैफिक सिग्नल एक साथ काम करेंगे। वहीं रिट्रोफिटिंग परियोजना के तहत नानाराव पार्क से कंपनीबाग चौराहे तक के क्षेत्र को स्मार्ट बनाया जाएगा। इस क्षेत्र में सिविल लाइंस, परमट, ग्वालटोली, सूटरगंज और खलासी लाइंस वार्ड को विकसित करेंगे।

स्मार्ट सिटी

### गंगा किनारे भी होगा विकास

इस क्षेत्र में स्थित गंगा के लगभग पांच किलोमीटर क्षेत्र को भी विकसित किया जाएगा। इसमें घाटों का सुंदरीकरण सहित अन्य विकास कार्य होंगे।

### ये मिलेंगी सुविधाएं

चमाचम सड़कें, 24 घंटे जलापूर्ति, भूमिगत केबलिंग, बेहतर सीवरेज सिस्टम, आधुनिक पार्किंग स्थल, हरे-भरे पार्क, मार्निंग वाक स्थल, चुन्नीगंज बस अड्डा का विकास, आवागमन के लिए सिटी बसों का संचालन, सोलर पैनल, रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम आदि।

यह शहर के लिए उपलब्धि है। जनता के सहयोग से शासन, अफसर इसे खूबसूरत शहर बनाएंगे।

– जगतवीर सिंह द्रोण, महापौर

सभी के सहयोग से शहर स्मार्ट सिटी घोषित हुआ है। स्मार्ट सिटी के लिए एसपीवी (स्पेशल परपज व्हीकल) बनेगी। शासन, केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार शहर को स्मार्ट बनाया जाएगा।

– उमेश प्रताप सिंह, नगर आयुक्त

## आप भी बनिए स्मार्ट, तभी बनेगी बात

विशेषज्ञों के अनुसार शहर के स्मार्ट सिटी बनने के साथ ही यहां रहने वालों को भी स्मार्ट होने की जरूरत है। छोटे-छोटे उपायों से ऐसा संभव है।

सड़क सहित सार्वजनिक स्थानों, नालियों में कूड़ा न फेंके, बल्कि घर का कूड़ा डस्टबिन में एकत्रित करें और उसे कूड़ा कलेक्शन करने आने वाले कर्मी को दें। फुटपाथ, सड़कों पर अतिक्रमण न करें। सड़कों पर अपनी साइड से एक लाइन में चलें, ताकि जाम न लगे। क्षेत्रीय समितियां बनाकर आसपास के पार्कों को दुरुस्त रखें। अवैध रूप से सड़कें, गलियां, पाइप लाइनें न काटें। समस्या पर नगर निगम कंट्रोल रूम (0512-526004, 526005) पर सूचना दें। अनावश्यक रूप से बिजली न जलाएं, सोलर ऊर्जा का उपयोग करें। पानी की बर्बादी न करें। भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन करें। खुद को स्मार्ट सिटीजन साबित करें।

### पहले इसलिए फेल हुआ प्रोजेक्ट

प्रोजेक्ट सही से न बनना

आधी-अधूरी तैयारियों के साथ डीपीआर बनाना

सिटिजन टॉक, रैली न कराना

शहरवासियों का फीडबैक भी ठीक से न लेना

स्मार्ट सिटी में विकास कार्य कराने वाले विभागों से एमओयू न करना

गैर अनुभवी कंसलटेंट

### इस बार इसलिए मिली सफलता

नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह के अनुसार पिछली कमियों को दूर करते हुए फुलप्रूफ तैयारी की, जिससे सफलता मिली।

शहर में विकास, जनसुविधाओं से संबंधित सभी विभागों से से एमओयू करना

जनसहभागिता बढ़ाना

रैली निकालना, सिटिजन टॉक करना

डीपीआर तैयार करने के लिए अनुभवी कंसल्टेंट की नियुक्ति

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार फुलप्रूफ डीपीआर तैयार करना


## Third smart city list out, Kanpur makes cut

KANPUR GETS THIRD TIME LUCKY

TWO OTHER CITIES FROM THE POLL-BOUND STATE - KANPUR AND AGRA - ARE AMONG 27 CENTRES PICKED FOR THE URBAN OVERHAUL